# शुभम संदेश

तापमान
25.6° अधिकतम | 14.3° न्यूनतम

एक राज्य - एक अखबार

सोमवार 26 फरवरी 2024 ● फाल्गुन कृष्णपक्ष 02 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 309 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





रांची टेस्ट




# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत से 152 रन दूर भारत

शुभम किशोर। रांची

राजधानी के जेएससीए में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारत ने इंग्लैंड पर शिकंजा कस लिया है. भारत को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य मिला. रविवार को तीसरे दिन के खेल की समाप्ति तक भारत ने बिना विकेट खोए 40 रन बना लिए है. कप्तान रोहित शर्मा 24 व यशस्वी 16 रन बना कर नाबाद क्रीज पर हैं. तीसरे दिन भारत की पारी लंच से ठीक पहले 307 रन पर ऑलआउट हुई. इंग्लैंड को पहली पारी में 46 रनों की बढ़त मिली. भारत की ओर से विकेट कीपर ध्रुव जुरेल ने 90 रन की शानदार पारी खेली. उन्होंने कुलदीप यादव (28) के साथ 76 रनों की अहम साझेदारी की. इंग्लैंड के शोएब बशीर ने आकाशदीप को आउट कर अपना 5वां विकेट पूरा किया.

दूसरी पारी में इंग्लैंड ने भारतीय स्पिनरों के सामने घुटने टेक दिए. इंग्लैंड दूसरी पारी में 53.5 ओवर में 145 रन बनाकर ढेर हो गई.

## स्पिनरों के दम पर भारत ने कसा शिकंजा




- तीसरे दिन स्टंप्स तक स्कोर 40/0, इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन पर ऑलआउट
- **विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने बनाए 90 रन, धौनी की दिलाई याद**
- इंग्लैंड के शोएब बशीर 5 विकेट लेने वाले दूसरे सबसे युवा विदेशी गेंदबाज
- **सीरीज जीतने से महज 152 रन दूर भारत, जीत की है उम्मीद**
- पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में अभी 2-1 से आगे है भारत

## धौनी से मिलने के बाद नहीं खरीदना पड़ा टिकट

**रांची।** भारत में क्रिकेट टीम के और महेंद्र सिंह धौनी के करोड़ों फैन हैं. उनमें से एक हैं राम बाबू का. जिनपर धौनी का रंग इस कदर चढ़ा कि वो धौनी और टीम का हौसला बढ़ाने देश से विदेश तक पहुंच जाते हैं. अपने फेस और बॉडी पर तिरंगे का पेंट लगाए धौनी का नाम अपने शरीर पर लिखवा कर मैच देखने पहुंचते हैं रामबाबू. मोहाली के 38 साल के रामबाबू ने खास बातचीत में बताया कि धौनी के प्रति दीवानगी के 16 साल हो चुके हैं. 2006-07 से वो स्टेडियम में मैच देख रहे हैं. उस समय भारतीय टीम के कप्तान धौनी थे. उसके बाद जो भी मैच भारत में या विदेश में हुए सभी में रामबाबू अपने अनोखे अवतार में भारत को सपोर्ट करने पहुंचते रहे. उन्होंने बताया के लगभग 300 मैच उनके पूरे होने वाले हैं. उन्होंने बताया कि 2011 में धौनी से मुलाकात के पहले टिकट खुद से लेना पड़ता था. लेकिन धौनी से मुलाकात के बाद उन्हें मैच के फ्री पास मिलने लगे, या फिर धौनी उनके लिए टिकट भेजवा दिया करते थे. धीरे-धीरे उनके ट्रैवल को भी स्पॉन्सर मिलने लगे. और जब स्पॉन्सर नहीं होता, तब उनके दोस्त रहने का इंतजाम कर देते हैं. घर वालों से मिलने का कम ही समय मिलता है. जब चंडीगढ़ के आस पास मैच होता है, तो वो घर जरूर जाते हैं. उन्होंने बताया कि इस सफर में घरवालों का पूरा सपोर्ट है. उन्होंने बताया कि मेरे लिए भारतीय टीम पहले है, बाद में मेरा घर आता है. उन्होंने कहा कि मेरा जो भी फैन बेस है, वो सब धौनी के चलते है. टीम इंडिया का सपोर्ट धौनी का नाम लेकर ही करते हैं. जो भी जीवन है वो धौनी के नाम से ही चलता रहेगा. रामबाबू ने धौनी को आगामी आईपीएल के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा इस दौरान वो सीएसके और धौनी को सपोर्ट करते दिखेंगे.

### 300 मैच देखना चाहते हैं राम बाबू



## मोरहाबादी में टोटेमिक कुरमी/कुड़मी हुंकार महारैली



# जो कुड़मी की बात करेगा वही झारखंड में राज करेगा

संवाददाता। रांची

कुरमी/ कुड़मी समाज को एसटी में सूचीबद्ध करने और कुड़माली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर मोरहाबादी में रविवार को टोटेमिक कुरमी/कुड़मी हुंकार महारैली का आयोजन हुआ. इसकी शुरुआत कुड़माली नेगचारी से भुंई पूजा और झंडागड़ी कर की गयी. मौके पर वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जो कुरमी हित की बात करेगा, वहीं झारखंड में राज करेगा. वक्ताओं ने कहा कि आनेवाले दिनों में कुड़मी के हक व अधिकार की बात करनेवाले ही झारखंड की सत्ता में आ सकेंगे.

**कुड़मी समाज के लोग जाग चुके हैं : रामटहल :** पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि कुड़मी समाज के लोग पहले एसटी में सूचीबद्ध थे, लेकिन बाद उन्हें अलग कर दिया गया. उन्होंने कहा कि हमारा रहन-सहन, संस्कृति जनजाति समाज से मिलती -जुलती है. कुड़मी समाज के लोग लंबे समय से जनजाति का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कभी किसी ने ध्यान नहीं दिया. लेकिन अब समाज के लोग जाग चुके हैं. इन्हें अब कोई बरगला कर वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकेगा. महारैली को गोमिया के विधायक लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री केशव कमलेश महतो, रामपोदो महतो ने भी संबोधित किया.





### महारैली तो ट्रेलर है, पूरी फिल्म अभी बाकी है: ओहदार

मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि महारैली तो ट्रेलर है.केंद्र सरकार अविलंब कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करे, वर्ना लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कुड़मी समाज के लोग पूरी फिल्म दिखा देंगे. राज्य में 30 विधानसभा एवं 7 लोकसभा क्षेत्रों में कुरमी महतो समाज का वोट निर्णायक भूमिका निभाता है. इसके बावजूद कुरमियों को सिर्फ वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है.अब कुरमी समाज जाग चुका है. अब कुरमी समाज अपना हक व अधिकार लड़कर लेगा.

### पीएम ही कुड़मी को एसटी का दर्जा दिलाएंगे : राजाराम महतो

कुड़मी नेता राजाराम महतो ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड अलग राज्य की सौगात दी थी, अब पीएम नरेंद्र मोदी कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति दर्जा देकर उनका हर व अधिकार दिलाएंगे. महतो ने कहा कि पीएम मोदी के संज्ञान में भी मामलाऔर वहीं कुड़मी समाज का उद्धार करेंगे. उन्होंने कहा कि जो भी राजनीतिक दल कुड़मी समाज को बरगलाने की कोशिश करेगा, समाज के लोग उसे पार्टी व उसके नेता को हाशिए पर धकेल देंगे.

### आर-पार की लड़ाई लड़ेगा कुड़मी समाज : सुषमा देवी

महिला समाज की केंद्रीय अध्यक्ष सुषमा देवी ने कहा कि कुड़मी समाज देश की आजादी से पहले अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध था, लेकिन राजनीतिक पार्टियों ने षडयंत्र कर एसटी की सूची से कुड़मी समाज को हटा दिया.नतीजतन कुड़मी समाज रोजगार के साथ-साथ राजनैतिक भागीदारी में अंतिम पायदान पर चला गया है. अब कुड़मी समाज जाग चुका है. और अपने हक अधिकार के प्रति सजग हो चुका है. कुड़मी समाज अपने संवैधानिक अधिकार के लिए आरपार की लड़ाई लड़ेगा.

### हक व अधिकार लड़कर लेगा कुड़मी समाज : सोनालाल महतो

रांची जिलाध्यक्ष सोनालाल महतो ने कहा कि झारखंड बिनोद बिहारी महतो के आंदोलन और शहादत से झारखंड अलग राज्य बना है. उनके बलिदान को भूलने नही दिया जाएगा. झारखंड में कुड़मी समाज अपना हक व अधिकार लड़कर लेगा और एसटी बनकर रहेगा.

# राज्यसभा चुनाव में होगा 'खेला'!

## सत्तारूढ़ गठबंधन दोनों सीटों पर लगा सकता है दांव

संवाददाता। रांची

झारखंड से राज्यसभा के लिए खाली हो रही दो सीटों पर कब्जा जमाने के लिए सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस गठबंधन खेला करने की तैयारी में है. तैयारी इस स्तर पर है कि दोनों सीटों पर दांव लगाया जाए. फिलहाल, खाली हो रही सीटें कांग्रेस और भाजपा के पास है. हालांकि, सीटें निकालने के लिए पर्याप्त आंकड़ा जुटाने में भाजपा सक्षम है, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन को इस बात की उम्मीद है कि कुछ विधायकों का समर्थन हासिल करने में कामयाबी मिल गई, तो एक तीर से कई शिकार हो जाएंगे. इससे भाजपा को झटका देने के साथ-साथ गठबंधन को मनोवैज्ञानिक बढ़त मिलेगी. हालांकि, पिछले राज्यसभा चुनाव में भी इस प्रयोग को गठबंधन ने आजमाया था, लेकिन सफलता नहीं मिली थी. इस दफा यह प्रयोग कितना सफल होता है, यह देखना दिलचस्प होगा. फिलहाल, झामुमो के रणनीतिकारों ने कुछ ऐसे ही संकेत दिए हैं. झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय के मुताबिक सत्तापक्ष के पास पर्याप्त संख्या बल है. इस लिहाज से कुछ भी हो सकता है. राज्यसभा की दोनों सीटों को जीतने की कोशिश होगी. राज्य में चाहे कोई भी राजनीतिक परीक्षा हो, गठबंधन शानदार अंक से पास होती रही है. झामुमो के पास विधानसभा में सबसे ज्यादा आंकड़ा भी है. हालांकि, साथी दलों के साथ विमर्श के बाद इस पर कोई अंतिम निर्णय होगा.

### आदिवासी चेहरे पर ही दांव चलेगी भाजपा

झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए 21 मार्च को मतदान होना है. फिलहाल अगले माह झारखंड से दो सांसदों समीर उरांव (भाजपा) और धीरज प्रसाद साहू (कांग्रेस) का कार्यकाल पूरा हो रहा है. ऐसे में भाजपा की ओर से प्रत्याशी तय करने के लिए प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में चर्चा हुई. प्रदेश चुनाव समिति की यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में की गई. इसमें प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, सांसद दीपक प्रकाश, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, केदार हाजरा, सांसद आदित्य साहू, संजय सेठ, पूर्व सांसद रवींद्र राय, सांसद विद्युत वरण महतो के अलावा बालमुकुंद सहाय, आरती सिंह भी शामिल हुईं. प्रदेश चुनाव समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शामिल हैं, लेकिन वे इस बैठक में नहीं दिखे.

**इन नामों पर मंथन** :जानकारी के अनुसार, प्रदेश चुनाव समिति के समक्ष 4 नाम सामने आए हैं. इनमें एक नाम तो समीर उरांव का है ही, रांची नगर निगम की पूर्व मेयर आशा लकड़ा, प्रदेश प्रवक्ता अरुण उरांव और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रहे जेबी तुबिद का भी कहा जा रहा है. संभवतः इन चार नामों को प्रदेश चुनाव समिति ने केंद्रीय चुनाव समिति को भेज भी दिया है. कहा जा रहा है कि अब राज्यसभा इलेक्शन के लिए प्रत्याशी के नाम पर अंतिम मुहर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लगायी जाएगी. कुल मिलाकर यही लग रहा कि राज्यसभा चुनाव में किसी आदिवासी चेहरे को ही भाजपा खड़ा करने का मन बना चुकी है.

# हेमंत सदन में होंगे या नहीं, आज होगा तय

संवाददाता। रांची



### खास बातें

- हाईकोर्ट में आज पूर्व सीएम की याचिका पर सुनवाई
- ईडी की विशेष अदालत ने नहीं दी थी इजाजत

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के बजट सत्र में शामिल होने के लिए दायर याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी. इस मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश हाईकोर्ट ने दिया है. बता दें कि ईडी की विशेष कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद हेमंत सोरेन ने बजट सत्र में शामिल होने के लिए हाईकोर्ट से अनुमति मांगी है. इसके पहले ईडी कोर्ट ने हेमंत सोरेन की यह याचिका सुनवाई के बाद खारिज कर दी थी. हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि विधानसभा का सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया है. इस सत्र में धन विधेयक पास होना है. उनका सत्र में मौजूद रहना जरूरी है. ईडी कोर्ट से भी इसकी अनुमति मांगी गई थी, लेकिन वहां याचिका खारिज कर दी गई. विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो चुका है. इसलिए, याचिका पर तत्काल सुनवाई करना चाहिए.

**ईडी ने हाईकोर्ट को क्या बताया :** पिछली सुनवाई में ईडी की ओर से अदालत को बताया गया था कि विधानसभा सत्र का नोटिस पहले ही जारी कर दिया गया था. यदि प्रार्थी को सदन में शामिल होना था, तो अंतिम समय में याचिका क्यों दायर की गई. प्रार्थी याचिका दायर कर तुरंत बहस कराना चाहते हैं. यह संभव नहीं है. याचिका के जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए. जवाब दाखिल होने के बाद ही इस पर सुनवाई होनी चाहिए. इसके बाद अदालत ने ईडी को समय देते हुए 26 फरवरी को सुनवाई निर्धारित की.

## रांची में ऑनलाइन सट्टेबाजी का हुआ भंडाफोड़

# सात गिरफ्तार, 11.53 लाख कैश बरामद

संवाददाता। रांची

पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के कारोबार का भंडाफोड़ किया है. एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के न्यू नगर बांधगाडी, दीपाटोली स्थित उमाशंकर सिंह के घर में छापेमारी की. इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में सात लोगों को लैपटॉप, एटीएम, मोबाइल, सिम कार्ड का उपयोग कर ऑनलाइन सट्टेबाजी कर ठगी करते पाया. सदर थाना पुलिस ने सभी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया. उनकी निशानदेही पर उस स्थान से करीब 100 मीटर आगे रवींद्र सिन्हा के फ्लैट में छापेमारी करने पर बड़ी संख्या में मोबाइल, सिम, एटीएम, पासबुक और अन्य संदेहास्पद सामान के साथ-साथ 11.53 लाख नकद बरामद किया गया. जिन सट्टेबाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया , उनमें प्रिंस कुमार, रोहित रजक, सुरेश कुमार हांसदा , विक्की कुमार, काजल अड्डी, सौरभ कुमार गुप्ता और शुभम भाटिया शामिल हैं.



### खास बातें

- रवींद्र सिन्हा के फ्लैट से संदेहास्पद सामान बरामद
- लैपटॉप, एटीएम कार्ड, सिम, मोबाइल, पास बुक जब्त किया

## सीएस का रिजल्ट जारी | कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया की होती है बेहद कठिन परीक्षा

# रांची की जैस्मिन ज्योति को मिला देशभर में 5वां स्थान

संवाददाता। रांची

इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) का रिजल्ट जारी हो चुका है. इस परीक्षा में रांची की जैस्मिन ज्योति को देश में पांचवां रैंक मिला है. आईसीएसआई रांची ब्रांच के चेयरमैन सीएस बिनोद बख्शी के अनुसार जैस्मिन प्रोफेशनल एग्जाम और एग्जिक्यूटिव लेवल की परीक्षा के दोनों ग्रुप्स को भी एक बार में क्वालीफाई किया है. आईसीएसआई परीक्षा भारत के कुछ कठिन परीक्षाओं में शामिल है. इस परीक्षा में रिजल्ट का प्रतिशत भी बहुत कम होता है. सीएस की परीक्षा 21 से 30 दिसंबर 2023 तक चली थी. 25 फरवरी को इसका रिजल्ट जारी कर दिया गया.




### असफल छात्र परेशान न हों: बिनोद बख्शी

आईसीएसआई रांची शाखा के चेयरमैन सीएस बिनोद बख्शी ने जैस्मिन ज्योति को बधाई दी और कहा कि जो छात्र असफल हुए हैं, वे परेशान ना हों, आगे के लिए तैयारी करें. उन्होंने असफल छात्रों को और अच्छा तैयारी करने का सुझाव दिया. वहीं, बता दें कि मनिषा मुरारीमोहन घोष ने प्रोफेशन प्रोग्राम में इंडिया में रैंक वन प्राप्त किया है. मालोलन मुरली और वनिशा सिंह ने एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में ऑल इंडिया रैंक वन हासिल किया है.

### 18-18 घंटे पढ़ाई की : जैस्मिन

रातू रोड रांची की रहने वाली जैस्मिन ज्योति ने देशभर में 5वां रैंक प्राप्त किया है. उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कह कि आज मैं बहुत खुश हूं. सीएस की परीक्षा पास करने के लिए उन्होंने प्रति दिन 18-18 घंटे की पढ़ाई की है. इसमें 16 घंटे की पढ़ाई और 2 घंटा का ओपन बुक प्रैक्टिस करती थी. उन्होंने 2020 फाउंडेशन कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था, उसके बाद उन्होंने 2023 में ही क्लियर कर लिया. एक बार वे असफल भी हुई है, लेकिन उनके माता-पिता उनका हौसला बढ़ाया और फिर अच्छे से तैयारी की. उन्होंने संदेश दिया कि फेल होने से ना डरें.

## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ विद्यापति
- सर्जरीः डॉ शीतल मलुआ
- कार्डियोलॉजीः डॉ प्रकाश कुमार
- ऑर्थोपेडिकः डॉ विनय प्रभात
- न्यूरोसर्जरीः डॉ सीबी सहाय
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- ऑब्स गायनीः डॉ एसबी सिंह
- सीटीवीएसः डॉ अंशुल कुमार
- न्यूरोलीजीः डॉ सुरेंद्र कुमार
- ईएनटीः डॉ आरके चौधरी
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- प्लास्टिक सर्जरीः डॉ विक्रांत
- पीएमआरः डॉ अमित चैतन्य
- रेडिशन ऑन्कोलॉजीः डॉ अनूप
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजीः डॉ अजीत कुमार कुशवाहा
- यूरोलॉजीः डॉ अरशद जमाल व डॉ राणा प्रताप सिंह

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका
- कार्डियोलॉजीः डॉ राकेश झा
- यूरोलॉजीः डॉ पंकज कुमार
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ मो इमरान
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ वंदिता, डॉ समरीना कमल और डॉ उमा सिन्हा
- पीडियाट्रिक : डॉ अमरेश
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजीः डॉ जयंत घोष

## शहर में आज

1. शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव, कमड़े में दिन के 11 बजे
2. कैबिनेट की बैठक, विधानसभा में दिन के 11 बजे
3. शहर के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रम दिन के 10 बजे से

## ब्रीफ खबरें

### श्रीलंका के सेंड्रो फीडिंग इंडिया के काम से प्रभावित



**रांची।** हेल्पिंग इंडिया फीडिंग इंडिया के कामों की चर्चा अब सात समंदर पार भी होने लगी है. इसकी बानगी तब देखने मिली, जब श्रीलंका के एक न्यूज चैनल के के एंकर सेंड्रो सत्यजीत रांची आए और संस्था के साथ जाकर फूड ड्राइव के तरीकों से अवगत हुए. सत्यजीत न्यूज फर्स्ट नामक चैनल में बतौर एग्जीक्यूटिव काम करते हैं. उन्होंने स्वयं बच्चों को खाना भी परोसा. इस कार्यक्रम के दौरान हेल्पिंग इंडिया फीडिंग इंडिया के सदस्य अभिजीत, अभिषेक, सूरज, राहुल, हिमांशु, अरविंद, सुलेखा तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे.

### एचईसी के सेवानिवृत्त कर्मी शंकर सिंह नहीं रहे



**रांची।** एचईसी से सेवानिवृत्त कर्मचारी शंकर प्रसाद सिंह का शनिवार को निधन हो गया. वे 85 वर्ष थे और उन्होंने एचइसी में करीब 35 साल तक अपनी सेवाएं दीं. सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने रांची, जमशेदपुर और दिल्ली में रहते हुए कई सामाजिक कार्य किए. वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और तीन पुत्रियां सहित नाती-पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं.

---

### शहरभर में पाइप लाइन बिछाने का चल रहा काम, राणी सती लेन में दो दिनों से पाइप बिछाने का काम कर रहा है जुडको

# सड़क खोद डाली, आवागमन में परेशानी, लोगों की समस्या बढ़ी

**तरुण कुमार चौबे। रांची**

1 पाइपलाइन कार्य के कारण पूरी सड़क बंद
2 श्रद्धालुओं को मंदिर आने-जाने में भी दिक्कत
3 स्थानीय लोगों का जनजीवन प्रभावित

राजधानी के रातू रोड स्थित राणी सती लेन में पिछले दो दिनों से लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है. दरअसल, जुडको के द्वारा शहरभर में पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है. इसी क्रम में शनिवार को राणी सती लेन में जुडको द्वारा सड़क की खुदाई कर पाइप बिछाने का काम शुरू किया गया. उसके बाद से पूरी सड़क को बंद कर दिया गया.

सड़क बंद होने के कारण आसपास रह रहे लोगो को काफी परेशानी हो रही है. रातू रोड में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है. लोग जाम से बचने के लिए अब तक इन सड़कों का इस्तेमाल करते आ रहे थे. अब पाइप लाइन के लिए सड़क खोदने के बाद इस मार्ग होकर लोगों की आवाजाही बंद हो गई है. साथ ही पहाड़ी मंदिर समेत वहां मौजूद अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं को दर्शन करने में काफी दिक्कत हो रही है.



पाइपलाइन बिछाने के लिए जेसीबी से सड़क की खुदाई की जा रही है.

#### निर्माण कार्य की वजह से हो रही है दिक्कत : प्रेम सरावगी

राणी सती मंदिर के मैनेजर प्रेम सरावगी ने बताया कि रातू रोड में पहले से ही फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा था. इसके कारण पहले ही लोगों को काफी परेशानी हो रही थी. अब राणी सती लेन में सड़क खोद दी गई है, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही हैं. इसके साथ ही मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है.

#### बंद नालियों का रास्ता खोलने की जरूरत है : अमित कुमार

स्थानीय निवासी अमित कुमार ने कहा कि इस इलाके में नाली की सफाई बहुत कम होती है. इस कारण बारिश में गंदगी भी बढ़ जाती है. कई स्थानों पर स्लैब अपनी जगह से हट कर नीचे चले गए हैं. इस कारण पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया है. स्लैब को ऊपर उठा कर बंद नाली का रास्ता खोलने की जरूरत है, नहीं तो नाली का गंदा पानी सड़क पर इसी तरह बहता रहेगा.

#### धूल से सांस की बीमारी होने का सता रहा डर : रीत कुमार

पहाड़ी टोला के रीत कुमार ने कहा कि रातू रोड के आसपास सभी इलाकों में एक साथ कई निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है. एक साथ इतने सारे निर्माण कार्य शुरू हो जाने की वजह से हमलोगों को काफी परेशानी हो रही है. सड़कों पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है. गाड़ी सिर्फ रात में लेकर निकलते हैं. दिन के समय गाड़ी निकालने के लिए जगह ही नहीं बची है.

#### निर्माण कार्य के कारण बच्चों को घर में बंद रखा है : शिवानी

राणी सती लेन में रहने वाली शिवानी कुमारी ने बताया कि पहले मुख्य सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा था. अब गली के अंदर भी सड़क को खोद दिया गया है. सड़क को खोदने की वजह से बच्चों के खेलने की जगह भी नहीं बची है. पिछले दो दिनों से बच्चे घर पर ही बैठे हैं. घर के सामने की सड़क खुदी होने के वजह से कहीं आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

---

### भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों-विभागों की बैठक में बोले कर्मवीर सिंह

# हर बूथ पर जोड़ें 370 वोट

**संवाददाता। रांची**

प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के विभिन्न विभागों और प्रकोष्ठों की प्रदेश स्तरीय बैठक में सभी प्रकोष्ठ और विभागों के प्रदेश संयोजक और सह संयोजक शामिल हुए. प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सभी विभाग और प्रकोष्ठ के दायित्वों और कार्यक्रमों की जानकारी ली और आगमी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए.

उन्होंने यह भी कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है. अपने विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ बूथों पर सक्रियता को बढ़ाते हुए हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाकर भाजपा के पक्ष में 370 लोकसभा सीटें और एनडीए के खाते में 400 पार के संकल्प को पूरा करें. बैठक में शिवपूजन पाठक, सुबोध सिंह गुड्डू, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, अजय मारू, राहुल अवस्थी, विवेक विकास, पंकज श्रीवास्तव, सूरज चौरसिया, राजेश शुक्ला, संजीव विजयवर्गीय, रविनाथ किशोर, उमाशंकर केडिया, मृत्युंजय शर्मा, लक्ष्मीचंद्र दीक्षीत, नीरज सिंह, अमित नाथ चरण, राजश्री जयंती, जयश्री इंदवार, डॉ रामाधीन, डॉ तान्या, लक्ष्मी कुमारी, सुधीर श्रीवास्तव, दीपक सिन्हा, सतीश सिन्हा, अनिल महतो, चंदन कुमार, राजू चौधरी आदि मौजूद थे.



**चुनावी रणनीति**

- कार्यकर्ताओं के साथ बूथों पर सक्रियता बढ़ाएं
- पीएम मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करें

**जनता के मन में फिर से मोदी सरकार**



प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बूथ पर अतिरिक्त 370 वोट दिलाना और देश भर में 370 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करके ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है. उन्होंने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार के लिए देश की जनता मन बना चुकी है, हमें उनके दरवाजे पर मोदी सरकार की उपलब्धियों को लेकर जाना है. बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री व प्रशिक्षण विभाग के प्रमुख मनोज सिंह ने किया.

## राज्यसभा चुनाव : प्रत्याशियों के नाम पर मंथन

भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में पार्टी की नवगठित चुनाव समिति की भी बैठक हुई. बैठक में राज्यसभा चुनाव के मसले पर विचाक-विमशर्श किया गया. राज्यसभा चुनाव के लिए संभावित प्रत्याशियों के नाम पर भी चर्चा हुई.

चूंकि भाजपा कोटे से आदिवासी सांसद रहे समीर उरांव की सीट खाली हो रही है, इसलिए बैठक में विशेष रूप से आदिवासी प्रत्याशी के नाम पर विचार-विमर्श किया गया. इसके अलावा कुछ अन्य नामों पर



चचर्चा हुई है. नामों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी गयी है. बैठक में प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, दीपक प्रकाश, डॉ रवींद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, नीलकंठ सिंह मुंडा, बालमुकुंद सहाय, विद्युत वरण महतो, संजय सेठ, श्याम नारायण दुबे, केदार हाजरा व आरती सिंह मौजूद थे.

---

# दिव्यांग बच्चों ने लगायी प्रदर्शनी

### फार्मर्स मार्केट में दीपशिखा और द पिंक पेबल्स की अनूठी पहल

**संवाददाता। रांची**

दीपशिखा और द पिंक पेबल्स की अनूठी पहल से झारखंड में पहली बार फार्मर्स मार्केट का आयोजन हुआ. दीपशिखा संस्थान तीन दशकों से रांची शहर में मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए कार्य कर रहा है. इस संस्थान में ऑटिज्म, मानसिक दिव्यांगता, सेरेब्रल पॉल्सी और विभिन्न अंगों की दिव्यांगता से ग्रस्त बच्चों के इलाज के अलावा उनकी शिक्षा-दीक्षा के साथ सर्वांगीण विकास का इंतजाम किया जाता है.

दीपशिखा और द पिंक पेबल्स द्वारा आयोजित इस बाजार में तरह-तरह के जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी



भी लगी थी. साथ ही जैविक उत्पादों की बिक्री भी की गई. विभिन्न प्रकार के खान-पान के स्टॉल्स महिलाओं द्वारा लगाये गये, जहां जैविक उत्पाद का प्रयोग किया गया था, जैसे रागी मोमो, मिलेट, कॉर्न, इत्यादि मुख्य थे. वहीं बच्चों के लिए एक किड्स जोन का भी आयोजन किया गया था. दीपशिखा व एकल के स्टॉल भी लगे थे. इस फार्मर्स मार्केट में लोगों ने प्रदर्शनी का लुत्फ उठाया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक डीके सक्सेना थे. इस दौरान जेएफटीए ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में रांची के सांसद संजय सेठ और दीपशिखा की कार्यकारी निदेशिका सुधा ल्हीला व कई गणमान्य लोग शामिल हुए.

### वीडियो सीरीज 'संस्कारी मास्टरजी' का विमोचन आज

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पूर्व नैतिक मतदान को लेकर राज्य भर में एक सकारात्मक माहौल बनाने के लिए वीडियो सीरीज 'संस्कारी मास्टरजी' को सोमवार को रिलीज किया जाएगा. इसका विमोचन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार करेंगे. इस वीडियो सीरीज के विभिन्न शॉर्ट वीडियोज के माध्यम से मतदाताओं से अपील करने का प्रयास किया जाएगा कि वे आगामी चुनावों में बिना किसी लोभ, लालच और भय के मतदान प्रक्रिया में भाग लें.

## डिफेंस कॉलोनी में सांसद ने रखी सड़क की आधारशिला

**संवाददाता। रांची**

पंडरा स्टील चौक डिफेंस कॉलोनी में अजय जायसवाल के घर से सुधीर सिंह के घर तक पीसीसी सड़क का शिलान्यास सांसद संजय सेठ ने सांसद निधि से किया. इस दौरान मोहल्ले के सैकड़ों लोगों ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी सांसद को अवगत कराया. इसपर सांसद ने यथाशीघ्र निराकरण करने की बात कही. इससे पूर्व मोहल्ले वासियों द्वारा संसद का जोरदार स्वागत किया गया. उपस्थित



लोगों को संबोधित करते हुए संसद संजय सेठ ने पीएम मोदी के संकल्प अबकी बार 400 पार को दोहराया.

---

### केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रखी एचपीसीएल गैस नेटवर्क की नींव

# मील का पत्थर साबित होगी योजना

**संवाददाता। रांची**

केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, आवास और शहरी मामलों के मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को झारखंड को पेट्रोलियम योजनाओं की सौगात दी. इस कड़ी में उन्होंने पीएनजी और सीएनजी के लिए गोड्डा-दुमका भौगोलिक क्षेत्र में एचपीसीएल के गैस नेटवर्क की ऑनलाइन नींव रखी. उन्होंने कहा कि यह झारखंड के निए मील का पत्थर साबित होगा. वहीं देवघर में सिटी गैस वितरण परियोजना के तहत इंडियन ऑयल के पीएनजी का उद्घाटन किया. कार्यक्रम में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे भी शामिल रहे. बता दें कि गोड्डा-दुमका भौगोलिक क्षेत्र में एचपीसीएल का दूरदर्शी गैस नेटवर्क 6 जिलों में 14507 वर्ग किमी के विशाल विस्तार को कवर करेगा. साथ ही 14 लाख से अधिक घरों के जीवन को प्रभावित करेगा. 1750 करोड़ रुपये के निवेश की यह महत्वपूर्ण परियोजना गोड्डा, दुमका, पोड़ैयाहाट,



**मिली सौगात**

- 6 जिलों में 14507 वर्ग किमी कवर करेगा गैस नेटवर्क
- इंडियन ऑयल के पीएनजी प्रोजेक्ट का भी उद्घाटन

शिकारीपाड़ा, जरमुंडी, महगामा, पथरगामा, जामताड़ा, मिहिजाम, पाकुड़, लिट्टीपाड़ा और साहिबगंज जैसे क्षेत्रों में नई जान फूंक देगी. 370 किमी स्टील और पर्याप्त एमडीपीई से युक्त मजबूत गैस नेटवर्क घरों को पाइप गैस कनेक्शन प्रदान करेगा. योजना में 100 सीएनजी स्टेशनों की स्थापना भी शामिल है.

**देवघर पीएनजी को अपनाने वाला पहला जिला :** देवघर में, इंडियन ऑयल की पीएनजी परियोजना 6 लाख से अधिक घरों तक पहुंचती हुई 6264 वर्ग किमी में तीन जिलों को कवर करेगी. 303 करोड़ रुपये के निवेश के साथ यह परियोजना 350 किमी एमडीपीई नेटवर्क के माध्यम से 2027 तक 30,000 परिवारों को जोड़ने के लिए तैयार है. संथाल परगना डिवीजन के तहत देवघर एक अग्रणी के रूप में उभरकर पीएनजी को अपनाने वाला पहला जिला बन गया है. यह ऊर्जा पहुंच और स्थिरता की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव की शुरुआत है.

---

### रांची विश्वविद्यालय के टीआरएल विभाग में पूर्ववर्ती छात्रों का सम्मेलन, वीसी बोले-

# जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा विभाग में संग्रहालय बनेगा

**संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में संग्रहालय बनाया जाएगा, जिससे यहां की कला, संस्कृति, सभ्यता और भाषा को संरक्षित करने में सहयोग मिलेगा. इसपर विश्वविद्यालय प्रशासन विचार कर रहा है. इस आशय की जानकारी रविवार को जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में रांची विवि के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने दी. डॉ सिन्हा यहां आयोजित पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने कहा कि इस विभाग के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का अहम योगदान है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अध्ययन जारी रखा और विभाग को मुकाम हासिल करने में सहयोग प्रदान किया. झारखंड की बहुत सी प्राचीन भाषाएं अब विलुप्ति के कगार पर हैं. पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का यह कर्तव्य है कि हम प्राचीन



**मधुर स्मृति**

- प्राचीन कला, संस्कृति और भाषा की मजबूती पर जोर
- भाषा संरक्षण में विद्वानों का अभूतपूर्व योगदान : प्रो. तपन

कला, संस्कृति और भाषा मजबूत कैसे रखें, इस पर सहयोग करें.

मधुस्मृति के नाम से आयोजित इस सम्मेलन में डीएसपीएमयू के कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भाषा और संस्कृति को संरक्षित करने में यहां के विद्वानों का अभूतपूर्व योगदान है. झारखंड आंदोलन के बौद्धिक जागरण में भी इस विभाग के शिक्षक, विद्यार्थियों के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा. भाषा और संस्कृति को संरक्षित करने में यहां के विद्वानों का अभूतपूर्व योगदान है. झारखंड आंदोलन के बौद्धिक जागरण में भी इस विभाग के शिक्षक, विद्यार्थियों के योगदान के हमेशा याद किया जाएगा.

झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. त्रिवेणी नाथ साहू ने कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग झारखंड की संस्कृति का प्रतिबिंब है. यहां पढ़ाई जाने वाली 9 भाषाएं यहां के नवरत्न हैं. भाषायी विविधता के बावजूद हम एक हैं. संकाय के समन्वयक सह आयोजन के अध्यक्ष डॉ हरि उरांव ने कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय से पढ़कर दूर-दूर तक विद्यार्थी अपनी और विभाग का पहचान स्थापित करा रहे हैं. भविष्य में समाजहित के लिए भी यह संगठन मधुस्मृति कार्य करेगा.

कार्यक्रम में डॉ सबिता केशरी, डॉ खालिक अहमद, डॉ. गीता कुमारी सिंह, डॉ. मनय मुंडा, कुमारी शशि, बंधु भगत, डॉ. मेरी एस सोरेंग, तारकेश्वर सिंह मुंडा समेत डॉ. उमेश नंद तिवारी, कुमारी शशिकला सहित विभाग के शोधार्थी व छात्र-छात्राएं शामिल रहे.

---

**गुड न्यूज**

### एचईसी पारस अस्पताल में जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी का इस्तेमाल कर मरीज की जान बचाई

# किडनी फेल्योर रोगियों के लिए जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी वरदान

- इमरजेंसी में आए मरीज को पारस अस्पताल के एडवांस कार्डियक विभाग में भर्ती कराया गया था

**संवाददाता। रांची**

एचईसी पारस अस्पताल में हार्ट अटैक से पीड़ित किडनी फेल्योर 68 वर्षीय पुरुष मरीज की जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक की गई. इससे मरीज की जान बच गई. इमरजेंसी में आए पुरुष को पारस अस्पताल के एडवांस कार्डियक विभाग में भर्ती कराया गया है. सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और कार्डियोलॉजी के प्रमुख डॉ. महेश कुशवाहा ने कहा कि जीरो कंट्रास्ट, एंजियोप्लास्टी की नई तकनीक है.

यह तकनीक जो आने वाले भविष्य में विशेष रूप से किडनी फेल्योर रोगियों और गुर्दे फेल्योर के उच्च जोखिम वाले रोगियों के लिए वरदान साबित होगी, जिन्हें एंजियोप्लास्टी से गुजरना पड़ता है. इस विधि से किडनी फेल्योर के मरीजों पर एंजियोप्लास्टी की जा सकती है. वह भी बिना उन्हें स्थायी डायलिसिस पर धकेले. डॉ. कुशवाहा ने यह भी बताया कि बताया कि किडनी मरीजों में स्थायी डायलिसिस पर जाने का डर बना रहता है. लेकिन जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी से इससे बचा जा सकता है, जिससे मरीजों को लंबा जीवन जीने में मदद मिलेगी.



डॉ. महेश कुशवाहा.

### क्या है जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी तकनीक

जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी एक ऐसी तकनीक है, जिसमें विशेष और आधुनिक इमेजिंग तकनीक शामिल है, जो कंट्रास्ट एजेंटों का उपयोग किए बिना एंजियोप्लास्टी करती है. उसके इंट्रावास्कुलर अल्ट्रासाउंड (आईवीयूएस) कोरोनरी इमेजिंग सिस्टम का उपयोग प्रक्रियाओं को निर्देशित करने के लिए किया जाता है, जिससे कंट्रास्ट एजेंटों के उपयोग से पूरी तरह से बचा जा सकता है. एंजियोप्लास्टी की इस पद्धति से किडनी फेल्योर और प्रत्यक्ष गुर्दे की विफलता से पूरी तरह बचा जा सकता है. यह पहले से मौजूद किडनी फेल्योर वाले रोगियों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है.

**दी जानकारी**

### हृदय रोगियों को बाहर जाने की जरूरत नहीं : डॉ. नितेश

पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. नितेश कुमार ने बताया की पारस एचईसी अस्पताल में मरीजों का विशेष ध्यान रखा जाता है. यहां हमारी टीम उपचार की नई व उन्नत मशीनरी व विधि द्वारा मरीजों की स्थिति के अनुसार उनकी सेवा में सदैव तत्पर रहती है. हृदय रोगियो के लिए हमारे यहां उन्नत तकनीति पद्धति द्वारा इलाज की व्यवस्था है. हमें गर्व है कि अब प्रदेश के हृदय रोगियों को इलाज के लिए कहीं बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है.

---

## देवकमल हॉस्पिटल में कल तक होगी कटे-फटे होंठ की फ्री सर्जरी

**संवाददाता। रांची**

देवकमल हॉस्पिटल में मिशन स्माइल संस्था और इंडियन ऑयल के सहयोग से 24 से 24 फरवरी तक फ्री में कटे-फटे होंठ और तालु की सर्जरी की जा रही है. फ्री सर्जरी प्रोग्राम का शुभारंभ रविवार को किया गया. उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग के निदेशक जॉन एफ केनेडी मौजूद रहे.

इसके अलावा झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री और वाइस चैयरपर्सन आदित्य मल्होत्रा भी कार्यक्रम में शामिल हुए. वहीं इंडियन ऑयल के महाप्रबंधक कमलेश राय व सीएसआर प्रमुख राकेश रोशन और देवकमल हॉस्पिटल के सीईओ डॉ. अनंत सिन्हा, मशहूर प्लास्टिक सर्जन और अन्य मेडिकल कर्मचारी भी शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन मो. रफी की देख रेख में किया गया.

**100-150 मरीजों की सर्जरी का लक्ष्य :** देवकमल हॉस्टिपटल के मनोज कुमार ने बताया कि हॉस्पिटल की तरफ से विभिन्न जगहों पर कैंप का भी आयोजन किया गया है. इसका उद्देश्य विशेष कर ऐसे लोगों की सेवा करना है जो आर्थिक रूप से असहाय हैं, ताकि उनका मुफ्त में इलाज हो सके. इस कैंप के तहत लगभग 100-150 मरीजों के कटे-फटे होंठ और तालु की मुफ्त सर्जरी करने का लक्ष्य है. हॉस्पिटल ने मरीज के साथ कम से कम दो अटेंडेंट को रहने की अनुमति दी है.

## श्रद्धा-भक्ति : कमड़े के सूर्यनगर श्री शिव मंदिर का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव प्रारंभ

# मोहक झांकियों के साथ निकाली गयी कलश शोभायात्रा

संवाददाता। रांची







श्रीशिव मंदिर, सूर्य नगर कमड़े के दो दिनी 14वें वार्षिकोत्सव पर रविवार को देवी-देवताओं की मनोहारी झांकी संग भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के संग कलशधारी महिलाओं ने हिस्सा लिया. ढोल-नगाड़ा के साथ रास्ते भर नाचते-झूमते और जयकारा लगाते रहे. नृत्य नाटिका मंडली के कलाकारों ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति से भक्ति के खूब रंग जमाये.

मंदिर में दिन के साढ़े दस बजे कलश पूजन किया गया. इसके बाद यात्रा झूम कर निकली तो वातावरण हर हर महादेव और जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा. ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-झूमते श्रद्धालु सबसे आगे चल रहे थे. साथ ही सजे वाहन में विराजमान श्रीशिव-पार्वती की झांकी के साथ प्रचार वाहन बढ़ रहा था. पीछे पुनः श्रीराधा-कृष्ण की मनोरम झांकी का वाहन था. फिर सपत्नीक मुख्य यजमान ललित रंगीला की अगुवाई में कलशधारी महिलाओं की लंबी कतार सरक रही थी. अंत में श्रीराम दरबार की झांकी का वाहन साथ चल रहा था. यात्रा के दौरान वाहन में सवार नृत्य नाटिका के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोहा. इसमें शामिल भक्त मोहल्ले का भ्रमण कर मुख्य सड़क से होकर कमड़े आश्रम आये. यहां से कलश में जल भरा गया. इसके बाद सभी वापस मंदिर लौटे. शाम छह बजे श्रृंगार-पूजन के बाद देवी-देवओं की आरती उतारी गयी. प्रसाद वितरण के साथ पहले दिन का कार्यक्रम संपन्न हुआ. अब सोमवार को उत्सव के अंतिम दिन सुबह स्थापना पूजन के बाद महारुद्राभिषेक अनुष्ठान होगा. संध्या बेला देवी-देवताओं की आरती उतारी जायेगी. इसके बाद वृहत रूप में भंडारा चलेगा.

### दिया योगदान

अध्यक्ष राजेश सिन्हा, सचिव ललित रंगीला, कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार शर्मा, राकेश राय, प्रमोद सिंह, राजेश कुमार, गोपाल राय, अरविंद श्रीवास्तव, वकील सिंह, दिनेश मिश्रा, गोपाल श्रीवास्तव, अभिमन्यु प्रसाद, निलम तिर्की आदि इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

# पहाड़ी मंदिर से राजभवन तक गया आक्रोश मार्च

संवाददाता। रांची



राष्ट्रीय युवा शक्ति के बैनर तले रविवार को सैकड़ों युवाओं ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा की स्थापना के मुद्दे को लेकर पहाड़ी मंदिर से लेकर राजभवन तक आक्रोश मार्च निकाला. हाथ में तिरंगा लिए युवा भगत सिंह का जयघोष करते हुए रैली में शामिल हुए और राजभवन के समक्ष रैली धरना में तब्दील हो गया. इस मौके पर अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि भगत सिंह के प्रतिमा को क्रेन से असभ्य तरीके से उठाया गया और पुलिस लाइन में कबाड़ गाड़ियों के बीच में बड़े ही शर्मनाक तरीके से रखा गया है.

शहीद भगत सिंह के लिए सरकार दो गज जमीन भी नहीं दे रही है. इसके लिए प्रशासन और नगर निगम से कई बार वार्ता की गयी. इसके बावजूद सभी वार्ता विफल हो गई और मजबूर होकर आक्रोश रैली निकालनी पड़ी. उन्होंने कहा कि भगत सिंह सिर्फ एक महान क्रांतिकारी ही नहीं हैं, बल्कि वे देश की विरासत भी हैं और उन्हें सम्मान देना हम सबों की जिम्मेदारी है. मौके पर जगदीश सिंह जग्गू, दिलीप गुप्ता, उमेश साहू, रवि कुमार, वीरेंद्र गोप, सावन लिंडा मौजूद थे.

## त्योहार : शब-ए-बारात के मौके पर रात भर हुई इबादत

# चहुंओर गूंजी मगफिरत की दुआ सजदे में झुके ईमान वालों के सर

रेहान अहमद। रांची

शब ए बारात की रात इबादत की रात कही जाती है. यह रात मुसलमानों के लिए अहम है. इस रात की इबादत व अल्लाह तबारक व तआला से सच्चे मन से मांगी गयी दुआएं खाली नहीं जाती हैं. इसका असर रविवार को राजधानी रांची के मुस्लिम बहुल मुहल्लों में देखा गया. बच्चे, बूढ़े, जवान सभी अपने अपने मुहल्ले अथवा समीप की मस्जिदों में कुरआन की तिलावत व नमाज पढ़ते देखे गये. वहीं मुस्लिम औरतों व बच्चियों ने अपने घरों में सारी रात जागकर इबादत की.

नगर की विभिन्न मस्जिदों में डॉ. फतेउल्लाह मस्जिद फतेउल्लाह रोड, रंगसाज मस्जिद चर्च रोड, हव्वारी मस्जिद कर्बला चौक, इकरा मस्जिद मेन रोड, थड़पखना मस्जिद, चांदनी मस्जिद गुदड़ी, मस्जिद ए जाफरिया अंसार नगर, मस्जिद ए असरा कांटा टोली, कुरैशी मस्जिद, तस्लीम मस्जिद हिंदपीढ़ी, मोती मस्जिद, बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद, मक्का मस्जिद, मदीना मस्जिद, अकबरिया मस्जिद, मस्जिद ए उमर फारुक, इस्लामी मरकज हिंदपीढ़ी, छत्ता मस्जिद, हंडा मस्जिद, हामीम मस्जिद हरमू, नुरानी मस्जिद हरमू, पहाड़ी टोला मस्जिद, पुरानी रांची मस्जिद, पुंदाग मस्जिद, इलाही नगर मस्जिद, बरियातू जामा मस्जिद, अपर बाजार जामा मस्जिद, डोरंडा जामा मस्जिद में दुआ मांगी. इसके अलावा आजाद बस्ती मस्जिद ए जैबुननिशा, खानकाह शरीफ मस्जिद, कडरू मस्जिद, मदरसा हुसैनिया, मजार शरीफ मस्जिद डोरंडा, रहमत कॉलोनी मस्जिद, दर्जी मुहल्ला मस्जिद, परास टोली मस्जिद आदि में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इबादत की. इबादत के साथ ही लोग रात में ही कब्रिस्तान में जाकर दुआएं करते देखे गये. लोग रातू रोड कब्रिस्तान, हरमू कब्रिस्तान, डोरंडा कब्रिस्तान, कांटा टोली कब्रिस्तान, बरियातू कब्रिस्तान, पुंदाग कब्रिस्तान आदि में रात भर लोगों को आते-जाते व गुजरे लोगों के कब्र के समीप उनके लिए दुआएं करते देखे गये.

### मरहूमों की बख्शीश के लिए मांगी गईं दुआएं



#### यह रात गुनाहों से बख्शीश की रात है

मौलाना ने कहा कि हदीस से यह पता चला कि यह रात गुनाहों से बख्शीश की रात है. इस रात में गुनाहों की माफी मिलती है, जो लोग ऐसी पाक रातें खुदा की याद में बिताते हैं, उन पर अल्लाह तआला की नजरें करम होती हैं. मेहरबानी होती है, जो लोग ऐसी मुबारक रातों को यादे इलाही में गुजारते हैं, उनके लिए अल्लाह तआला का इरशादे पाक है कि उन पर अल्लाह तआला की तरफ से रहमतें और बरकतें नाजिल (उतरती) होती हैं. उन्होंने कहा कि आज रात जहां इबादत, नफ्ल, जिक्र और नेक काम में व्यस्त रहें, वहीं नज्र व नेयाज फातिहा करें. अपने खानदान के मरहुमीन को सवाब बख्शें. विशेषकर हजरत अवेस करनी रजीअल्लाहो अन्हो के नाम की न्याज करें और रात के पिछले पहर कब्रिस्तान जाकर फातेहा पढ़ें.

#### गुनाहों से छुटकारे की रात : मौलाना कुतुबुद्दीन



एदार ए शरिया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा कि 25 फरवरी को शाबान उल मोअज्जम 1445 हिजरी की 14 तारीख है. दिन गुजार कर आने वाली रात "शबे बारात" यानी शाबान उल-मुअज़्ज़म की 15वीं रात है, जिसके संबंध में पैगंबर हजरत मोहम्मद (स.) ने फरमाया है कि जब शाबान की 15वीं रात हो तो जागते रहो, इबादत करो और दिन में रोजा रखो, क्योंकि उस रात में अल्लाह की तजल्ली सूरज डूबने के बाद से ही जाहिर होती है और अल्लाह तआला फरमाता है : क्या कोई है जो क्षमा मांगता है.

## दिगंबर जैन मंदिर में हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# दिगंबर जैन समाज ने आचार्य प्रवर श्रीविद्यासागर जी को दी विनियांजलि



संवाददाता। रांची

विश्व भर में रविवार को दिगंबर जैन धर्मावलंबियों ने अपने सद्गुरु महामुनिराज आचार्य श्रीविद्यासागर जी को विनियांजलि दी. राजधानी के जेजे रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भी आचार्य प्रवर जी को विनियांजलि अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए. सुबह साढ़े आठ बजे ब्रह्मलीन गुरुवर आचार्यश्री की पूजा से सभा की शुरुआत हुई.अनुयायियों ने गुरुवर महामुनिराज की तस्वीर पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित कर विनियांजलि देते हुए अपने उद्गार व्यक्त किये.

सभा का संचालन करते हुए कमल सेठी ने कहा कि पहले शांति आई, फिर ज्ञान का भंडार मिला, तब विद्या की प्राप्ति हुई और समय का संचार हुआ. प्रदीप बाकलीवाल ने वंदन करते हुए गुरुवर के प्रेरणादायक जीवन की गौरवगाथा और उनके गुणों पर प्रकाश डाला. जैन समाज के अध्यक्ष नरेंद्र गंगवाल ने कहा कि जिनशासन की शान विद्यासागर जो संपूर्ण विश्व के दिलों में बसते थे, वे करुणा की खान थे. मेघा गंगवाल ने गीत के माध्यम से विनयांजलि दी. जैन महिला जागृति की अध्यक्षा रेखा पांड्या ने कहा आचार्यश्री ने आत्मा से परमात्मा का रूप ग्रहण किया, वे चलते- फिरते तीर्थ थे. हमारे पुण्य का प्रताप ही है कि ऐसे महान संत का सान्निध्य इस युग में मिला.

समाज के पूर्व मंत्री सुभाष विनायक्या ने समंतभद्र स्वामी का चिंतन बताते हुए कहा आचार्यश्री संत शिरोमणि अर्थात सभी संतों की तपस्या में उच्च क्रिया, तपस्या करने वाले संत थे. सीए जितेंद्र छाबड़ा ने आचार्यश्री के जीवन दर्शन की चर्चा करते हुए कहा कि त्याग की प्रतिमूर्ति को शब्दों से विनयांजलि देना उत्कृष्ट नहीं, त्याग द्वारा से उनकी सच्ची विनयांजलि होगी. विनिता सेठी ने काव्य अंदाज में अपनी भावना प्रकट करते हुए कहा कि आचार्यश्री धर्म के लिए अडिग थे. हेमंत सेठी ने कहा- गुरुवर तुम कहां चले गए. इनके बाद शिल्पा बाकलीवाल, बबीता काशलीवाल, नरेन्द्र पांड्या, चंद्रकला पाटनी,रेखा जैन, अरविंद जी शास्त्री ने भी उदगार व्यक्त किए,

### खास बातें

- सुबह साढ़े आठ बजे हुई ब्रह्मलीन गुरुवर की पूजा
- श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

## न्यूज अपडेट

### श्रीकृष्ण प्रणामी के अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन

**रांची।** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के साप्ताहिक अन्नपूर्णा भंडारे में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बीच वृहत भंडारा चलाया गया. श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम, पुंदाग में दिन के साढ़े 12 बजे से इसका आयोजन किया गया. इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद रूप में स्वादिष्ट भोजन ग्रहण किया. के पर शोभा और निर्मल जालान की शादी की 52 वीं सालगिरह भी मनायी गयी. वरिष्ठ सदस्या विद्या देवी अग्रवाल ने दंपती के उज्ज्वल भविष्य का अशीर्वाद दिया. साथ ही अन्नपूर्णा भंडारे का स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया. रश्मि विनीत, ऋतिक दीपक, निकिता, रमन अग्रवाल, मनु जालान ने अपने माता-पिता की शादी की सालगिरह पर स्वादिष्ट भोजन और मिष्टान परोसा.

### सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का समापन

**रांची।** नेहरू युवा केन्द्र और एनएसएस विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह एवं एक माह तक चलने वाले सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का समापन रविवार को हुआ. सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान हुए विभिन्न महाविद्यालय में प्रतियोगिता में चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले को पुरस्कार दिया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सीपी सिंह, विशिष्ट अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा, पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, झारखंड राज्य समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार और पत्रकारिता विभाग के निदेशक बीपी सिन्हा थे. कार्यक्रम को एपीए गौरव चुघ, श्रवण कुमार, डॉ ओमप्रकाश, रजनीश, प्रणय आदि लोग उपस्थित थे.

### जेसीआई के शिविर में 54 यूनिट रक्त संग्रह

**रांची।** जेसीआई रांची कार्यालय में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सदस्यों ने रक्तदान कर 54 यूनिट रक्त संग्रह किया. रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्राउड डोनर का सर्टिफिकेट, नाश्ते का पैकेट एवं फ्रेश जूस उपलब्ध कराया गया. शिविर में रक्तदान के लिए पुरुषों के साथ ही साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. मौके पर संस्था के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा कि हमारा जीवन हमारे रगों में दौड़ रहा है और रक्तदान कर हम दूसरों का जीवन भी बचा सकते हैं. शिविर संचालक प्रवीण अग्रवाल ने कहा रक्तदान समाज सेवा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. लोगों को जब रक्त की जरूरत पड़ती है, तब इस बात का अनुभव होता है कि रक्तदान हम सभी के लिए कितना महत्वपूर्ण है.

### डॉ. आनंद शेखर बने मिथिला मंच के अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड मिथिला मंच के कार्यालय में रविवार को सियाराम सरस की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मंच की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया. इस क्रम में सर्वसम्मति से डॉ. आनंद शेखर झा को अध्यक्ष, मिथिलेश मिश्र को महासचिव और सुनील कुमार झा को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया. मंच के मुख्य संरक्षक पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर बनाये गये. सभा में मंच के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. आनंद शेखर झा ने 17 मार्च को होली मिलन समारोह को रंगारंग और पारंपरिक तरीके से मनाने की निर्णय किया. सभा में शशिचंद्र झा, पवन झा, मनोज झा, नीरज चौधरी, रेजेश राय, बिनोद झा, संजित झा, सुजीत झा, राधे यादव, निशिकान्त पाठक आदि उपस्थित थे.

### मलखंब अकादमी में नामांकन के लिए चयन शिविर



**रांची।** धुर्वा के बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय में झारखंड मलखंब अकादमी में नियमित अभ्यास के लिए सभी वर्ग के नामांकन के लिए चयन सह प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ. इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन झारखंड संघ के महासचिव सह निदेशक झारखंड मलखंब अकादमी के अजय झा ने किया. इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान नए सत्र 2024-25 के लिए 60 बालक-बालिकाओं का चयन किया जाएगा, जो पूर्ण रूप से डे बोर्डिंग के अधीन होगा. इसके साथ झारखंड के दूसरे जिलों से 20 बालकों का चयन किया जाएगा. उन्हें अकादमी द्वारा निःशुल्क आवासीय व्यवस्था दी जाएगी. प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन तीस बालक-बालिकाओं ने भाग लिया. इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक अजय झा के द्वारा सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों को समतल जमीन पर योगासन का अभ्यास करने के उपरांत पोल मलखंब , रोप मलखंब , हैंगिंग मलखंब एवं पिरामिड के कौशल्य का बारीकियों से अभ्यास कराया.

### सैनेटरीवेयर एसोसिएशन का रक्तदान शिविर

**रांची।** रांची सैनेटरीवेयर मर्चेंट्स एसोसिएशन (रास्मा) के तत्वावधान में रविवार को नागरमल मोदी सेवा सदन में ब्लड डोनेशन कैंप सह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया. शुरुआत चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने की. शिविर में प्रोजेक्ट टीम के सदस्य आदित्य शर्मा, सौरव केडिया, हर्ष खंडेलवाल, अरुण शर्मा, अरविंद जालान, अनूप अग्रवाल, राजकमल, मनोज बंका, अजय गोयल, शीतल ओहदार व गौरव की देखरेख में 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया. मौके पर करीब 200 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें हेल्थ कार्ड दिया गया. अध्यक्ष ललित केडिया, सचिव ओम प्रकाश सर्राफ, उपाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष संजय सिंघानिया, उपाध्यक्ष अंजय सरावगी, पूर्व अध्यक्ष बीपी भुवालका मौजूद रहे.

### ब्रह्माकुमारी का द्वादश ज्योतिर्लिंगम मेला शुरू



**रांची।** देवी मंदिर प्रांगण, डंगराटोली में रविवार को ब्रह्माकुमारी संस्थान, हरमू रोड का तीन दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंगम मेला शुरू हुआ। रेवती रमण प्रसाद, विकास विजयवर्गीय, सीए आशीष खोवाल, बनवारी खिरवाल, अधिवक्ता पूनम कुमारी ने केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन संग दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया. मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं को अपना अशीर्वचन प्रदान करते हुए निर्मला बहन ने मेला के बारे में विस्तार से जानकारी दी.

# सांसद संजय सेठ ने किया ब्रह्मर्षि सहजानंद भवन का शिलान्यास

संवाददाता। रांची

रांची के सांसद संजय सेठ ने रविवार को दलादली में सहजानंद ब्रह्मर्षि भवन का शिलान्यास किया. इस क्रम में उन्होंने ब्रह्मर्षि समाज के कार्यों की सराहना की. शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता करते हुए दारोगा सिंह ने कहा कि निःसंदेह हमें अपने महापुरुषों का अनुयायी होना चाहिए. स्वामी सहजानंद सरस्वती एक महान संत और समाज सुधारक थे. उन्होंने अपेक्षा प्रकट की कि इस भवन के निर्माण में समाज के सभी लोगों को साथ मिलेगा. आगत अतिथियों का स्वागत आरयू के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. जे बी पाण्डेय ने किया. शिव कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया. कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता ब्रजेश शर्मा ने किया. मौके पर सांसद ने भवन निर्माण के लिए जमीन दाता कामेश्वर ओझा, जनार्दन ओझा एवं उमेश्वर ओझा को माला भेंट कर सम्मानित किया गया. मौके पर जदयू प्रदेश अध्यक्ष आशा शर्मा, सुजाता, नेहा सिंह, सुमन मिश्रा, उमेश राय, नीरज शर्मा, रामानुज शर्मा, डॉ अभिषेक रामाधीन, भीम प्रभाकर, राज कुमार, मैनेजर राय, रामकुमार चौधरी, अरुण शर्मा, रामाशीष सिंह, रमाकांत आनंद, धनंजय कुमार, अजय सिंह, धर्मेंद्र कुमार, मृत्युंजय शर्मा, शैलेश शर्मा, शशिकांत, शिव शंकर सिंह, रत्नेश कुमार एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

# घुटनों की लाइव सर्जरी का सीधा प्रसारण

संवाददाता। रांची



डॉ रोहित लाल अस्पताल कडरू की ओर से दूरबीन विधि से घुटनों के इलाज को लेकर सम्मेलन का आयोजन किया गया. एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन रविवार को बीएनआर चाणक्य में किया गया. इस सम्मेलन में देश भर के चार जाने माने स्पेशलिस्ट डॉक्टर पहुंचे. जिनमें डॉ. एस.आर. सुंदरराजन (कोयंबटूर), डॉ. संदीप बिरारीस (मुंबई), डॉ. राजीव रमन (कोलकाता) और डॉ.गुरुदेव कुमार (पटना) शामिल हुए. डॉक्टरों ने सम्मेलन में अपने-अपने अनुभव साझा किये और एक दूसरे से घुटनों के लिगामेंट इंजरी को लेकर होने वाले इलाज के बारे में चर्चा की. डॉ. एस.आर. सुन्दरराजन, डॉ. संदीप बिरारीस, डॉ. राजीव रमन और डॉ. गुरुदेव कुमार ने घुटनों के लिगामेंट इंजरी के इलाज के बारे में बताया कहा कि यह इंजरी स्पोर्ट्स पर्सन में ज्यादा होता है. खेलने के वक्त चोट लगने या फिर घुटनों का मूवमेंट बिगड़ने की वजह से खिलाड़ियों में यह इंजरी हो जाता है जिससे खिलाडी का घुटना अनस्टेबल और कमजोर हो जाता है.

डॉ एस.एन.यादव ने कहा कि झारखंड खिलाड़ियों का प्रदेश है. यहां इस तरह के सम्मेलन की बहुत जरूरत थी. झारखंड के लोकल खिलाड़ियों को इसका फायदा मिलेगा. डॉ रोहित लाल ने कहा कि समय पर घुटनों की इंजरी का सफल इलाज नहीं हुआ तो खिलाड़ी आगे के खेल से वंचित हो सकते हैं. कई बार घटना रिप्लेसमेंट या फिर काटने तक की नौबत आ जाती है. इसका उपचार दूरबीन द्वारा किया जाता हैं. इस विधि द्वारा इलाज होने से मरीज को बहुत जल्द फायदा और आराम मिलता है. अगले ही दिन से मरीज़ चलने लगता हैं और सात से आठ दिनों में ग्राउंड में खेलने भी जा सकता हैं. इस विधि से मरीजों को बहुत ही आसानी से घुटने इंजरी की इलाज सफल तरीके से किया जा सकता है.

डॉ लाल अस्पताल कडरु में डॉ रोहित लाल के द्वारा ये सम्मेलन आयोजन किया गया. आज के इस आयोजन में डॉक्टर लाल हॉस्पिटल में पांच लाइव सर्जरी की गई. जिसका सीधा प्रसारण बीएनआर चाणक्या में डॉक्टर ने देखा. बहुत सारी सारा सर्जरी प्रतिष्ठित चिकित्सकों के द्वारा मुफ्त में किया जा रहा हैं. सम्मेलन में रांची के प्रतिष्ठित हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हुए. स्पेशल गेस्ट और उल्लेखनीय योगदान में डॉ सुधीर कुमार डॉ एस.एन.यादव और एडीडीएल प्रो. डॉ गोविंद गुप्ता उपस्थित रहे.

## आयोजन : अंजुमन प्लाजा में परहेपाट के मदरसा कुल्लियातुल बनात का शैक्षणिक प्रदर्शन सह वार्षिक समारोह

# महिला शिक्षित होगी तो उसकी पूरी पीढ़ी होगी शिक्षित : सिद्दीकी

संवाददाता। रांची

कुल्लियातुल बनात परहेपाट रातु, रांची का शैक्षणिक प्रदर्शन और वार्षिक समारोह सह इनामी प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को अंजुमन प्लाजा हॉल में हुई. इसकी अध्यक्षता रिटायर्ड डिप्टी लेबर कमिश्नर एवं बिहार राज्य मदरसा एजुकेशन बोर्ड के पूर्व सचिव शहनवाज अहमद ने की. इसकी शुरुआत तिलावत ए कुरआन के साथ हुई. मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग और खान सचिव अबू बकर सिद्दीकी शामिल हुए. उन्होंने कहा कि महिला शिक्षित होगी तो उसकी पूरी मौजूदा पीढ़ी व आने वाली पीढ़ी शिक्षित होगी. इसलिए महिला के लिए तालीम पहली जरूरत है.



### प्रति वर्ष 800 बच्चियां प्राप्त करती हैं शिक्षा : मौलाना नदवी

मदरसा के निदेशक सह प्राचार्या मौलाना अब्दुल्लाह नदवी कहा कि 25 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में मदरसा कुल्लियातुल बनात कार्य कर रहा है. यह मदरसा पूरे झारखंड में लड़कियों का अकेला सबसे बड़ा मदरसा है. जहां प्रतिवर्ष करीब 800 बच्चियां शिक्षा प्राप्त करती है, जहां दीनी शिक्षा के साथ साथ झारखंड एकेडमिक काउंसिल से मैट्रिक तक अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं. उनमें 650 लड़कियां हॉस्टल में रहकर शिक्षा प्राप्त कर रही हैं. उन्होंने कहा कि ईद के बाद इस मदरसे में हिफ्ज विभाग भी शुरू की जायेगी. मदरसा कुल्ल्यातुल बनात की लड़कियां अपनी साल भर की शिक्षा का प्रदर्शन किया. शैक्षणिक प्रदर्शन में मदरसा में पढ़ने वाली लड़कियों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश किये. बेहतर स्पीच, नात, चित्रकला, सिलाई-कढ़ाई, कंप्यूटर प्रतियोगिता व अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं पुरस्कृत की गईं.

### बच्चों की तालीम कल उनकी तकदीर बदलेगी: मौलाना हसन

मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि हर जमाने में तालीम की अहमियत रही. बगैर शिक्षा के हर चीज अधूरी है. शाहनवाज अहमद खान ने कहा कि शिक्षा के बदौलत आप ने जो कुछ सीखा है, उसे अपने जीवन में उतारे यह अहम है. मौके पर जैप हजारीबाग, कमांडेट मो अर्शी, रियाज अहमद, मुफ्ती सलमान कासमी, मुफ्ती तलहा नदवी, समी आजाद, हाजी मोख्तार अहमद, मौलाना शरीफ अहसन मजहरी, मौलाना साबिर मोहनपुरी, मो जुनैद आलम ने भी अपने विचार रखा. मौके पर मौलाना मौलाना रिजवान, मुफ्ती अनवर कासमी, डॉ एस्टी अहमद, डॉ एम अख्तर, मौलाना रफीक नदवी, मौलाना खुर्शीद, मौलाना एजाज, मौलाना सलीम उद्दीन, मौलाना तारिक, मौलाना अब्दुल मुबीन, मौलाना नसीम, अधिवक्ता सुलतान, अधिवक्ता सरफराज आदि शामिल थे. संचालन मौलाना शरीफ अहसन मजहरी ने किया.

### ओरमांझी में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का कांग्रेस नेताओं ने किया नागरिक अभिनंदन, मंत्री ने कहा

# गठबंधन सरकार में किसी भी वर्ग की उपेक्षा नहीं की जा रही है

**संवाददाता। ओरमांझी**

प्रखंड क्षेत्र बसाती गांव में कांग्रेस नेता रमेश उरांव की घर में झारखंड सरकार में पुनः वित्त मंत्री एवं खाद आपूर्ति मंत्री बनने पर रामेश्वर उरांव का नागरिक अभिनंदन किया गया. इस सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में लोग अभिनंदन समारोह में शामिल हुए.रमेश उरांव के नेतृत्व में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को जोरदार स्वागत किया. वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने समारोह में उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने आदिवासी मूलवासी एवं दबे पिछड़े सभी लोगों के लिए झारखंड सरकार की गठन हुई है. हमारे सरकार में किसी भी वर्ग की उपेक्षा नहीं की जा रही है . सभी क्षेत्रों में विकास शांति भाईचारगी एवं झारखंड प्रदेश उन्नति के लिए काम कर रही है . सरकार के कार्यकाल में जितना काम हुआ और जो काम अधूरा है उसको पूरा करने के लिए कटिबंध है. मंत्री ने यह भी कहा कि जिस आकांक्षा उम्मीद से गठबंधन सरकार को झारखंड की जानते ने वोट देकर के सरकार बनाने का काम किया है निश्चित रूप से जन भावनाओं को देखते हुए सरकार पूर्ण करने के लिए भी तत्पर हैं .



**समस्याओं के निदान के लिए वित्त मंत्री तत्पर : रमेश उरांव**

रमेश उरांव ने कहा कि ओरमांझी प्रखण्ड में जितना भी समस्याएं हैं . उसके निदान के लिए मंत्री तत्पर है और हमेशा ही सच्चाई और अच्छाई की राजनीति पर चलकर लोगों की सेवा करते रहे हैं . इस नागरिक अभिनंदन समारोह में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव लाल किशोर नाथ शाहदेव,डॉ राजेश कुमार गुप्ता, रोहित उरांव एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अपना विचार रखें . मौके पर मुख्य रूप से रमेश उरांव, सुरेश प्रसाद साहू, अशोक गुप्ता, संजय कुमार दुबे, रामटहल महतो, आजम खान, रहीम अंसारी,बलराम बेदिया, लक्ष्मण उरांव,गोपाल बेदिया, लाल मोहन बेदिया, दिनेश महतो, परमेश्वर भोक्ता, परमेश्वर गुप्ता, गोपाल बेदिया, देवेंद्र नाथ ठाकुर, ग्राम प्रधान सुखराम पहान, संगीता देवी, पूर्व मुखिया सुनीता देवी, बिरजू उरांव, मीना देवी, कुंती कुमारी मिजं, उर्मिला देवी, रीना देवी ,उषा देवी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

**न्यूज अपडेट**

### चुरी-सपही व दामोदर नदी से बालू का उठाव जारी



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के चुरी सपही नदी और दामोदर नदी से बालू माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से बालू का उठाव निरंतर जारी हैं . स्थानीय प्रशासन एवं अधिकारियो के द्वारा बीच में खानापूर्ति को लेकर एक दो बालू लदे ट्रैक्टर पकड़ा तो जरूर जाते हैं लेकिन वह नजराना देकर आसानी से छूट भी जाते हैं . इन क्षेत्रों में बालू माफिया सारे नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दिन के उजाले में दर्जनों ट्रैक्टर में बालू लोड करते कभी भी देखे जा सकते हैं. इधर इन बालू माफियाओं पर स्थानीय प्रशासन के द्वारा अवैध रूप से बालू उठाए जाने पर प्रतिबंध लगाने को लेकर कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है.जिससे बालू माफियाओं का मनोबल बड़ा हुआ है . . चुरी, सपही नदी और दामोदर नदी से प्रतिदिन लगभग 50 से 60 ट्रैक्टर बालू का उठाव किया जाता है . इस बालू कोआसपास के समीपवर्ती क्षेत्र सहित समीप के शहरों में ऊंचे मूल्य पर बेचा जाता है . अवैध बालू उठाव से नदी का अस्तित्व भी समाप्त होने के साथ नदी में अवस्थित पुल के कभी भी धराशाई होने की संभावना बढ़ गई है .

### पिपरवार में कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**पिपरवार ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 110 वां एपिसोड का प्रसारण पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता ने सुना. प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन मे कृषि को बढ़ावा देने के लिए व किसानों की उपज दुगना करने सहित एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए कई अहम जानकारी दी जिससे स्वरोजगार के संसाधन केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराए जाने के कई अहम जानकारियां दी गई . प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम को पिपरवार भाजपा मंडल के सदस्यों ने कहा की यह मंतव्य काफी सराहनीय है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुनन वालों में मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, मंडल कोषाध्यक्ष रामप्रसाद महतो,शक्ति केंद्र प्रमुख धनराज भोक्ता, सह संयोजक संजय कुमार भोगता, सूखी गंझु सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे.

### शिलापट पर नाम इस्तेमाल किये जाने पर सांसद को एतराज

**मांडर ।** लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने मांडर में बगैर किसी सूचना के शिलान्यास कार्यक्रमों के शिलापट्ट में अपना नाम अंकित किये जाने पर कड़ा एतराज जताया है. इसे ओछी राजनीति करार दिया है. उन्होंने कहा है कि विकास कार्यों का श्रेय लेने की होड़ में उनके नाम का प्रयोग किया जाना उचित नहीं है. क्षेत्र में विकास के कुछेक कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल के अनुसार सांसद को सूचना देने की अनिवार्यता होती है. लेकिन ओछी राजनीति के तहत इसका अनुपालन नहीं किया जाना और उसे शिलापट्ट तक ही सीमित रखने की गलत परंपरा की शुरुआत की जा रही है. सांसद ने कहा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं से उन्हें सूचना मिली कि मांडर में शनिवार को मांडर रेफ़रल अस्पताल परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व कनभीठा में पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया. जिसके शिलापट्ट में मेरा नाम अंकित किया गया है. लेकिन संबधित विभाग द्वारा मुझे इस शिलान्यास कार्यक्रम की किसी प्रकार की विधिवत सूचना नहीं दी गयी है. सूचना मिली होती तो मैं व्यक्तिगत रूप से या फिर मेरा कोई स्थानीय प्रतिनिधि वहां पर जरूर उपस्थित रहता.

### फुटबॉल टूर्नामेंट का जेएस पब्लिक स्कूल बना चैंपियन



**सोनाहातू।** पंडाडीह मैदान में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में जेएस पब्लिक स्कूल बारेंदा की टीम ने आदिवासी -मूलवासी कुकडु की टीम को एक गोल से हरा कर चैंपियन बना. फाइनल मुकाबला का उद्घाटन विधायक सुदेश महतो ने किया.विजेता टीम को कमिटी के अशोक महतो और अवधेश महतो ने नगद 71 हजार रुपए पुरस्कार में दिये. द्वितीय पुरस्कार 51 हजार नगद आदिवासी मूलवासी कुकड़ू की टीम को मधुसूदन प्रामाणिक और सुचाँद महतो ने दिया. मौके पर कमिटी के अनूप सिंह मुंडा,फुलकेश्वर पुरान,राहुल बटब्याल,शिवराम सिंह मुंडा,जशिम अंसारी,रामरंजन चटर्जी,मनीष साहू,दीपक पुरानआदि मौजूद थे.

### पल्ली कैथोलिक सभा के सभापति चुने गए अजय जोसेफ टोप्पो

**रांची ।** शहर के पुरुलिया रोड संत जोसेफ क्लब के सभागार में रांची पल्ली कैथॉलिक सभा की नयी कार्यकारिणी समिति (2024-2026) का चुनाव संत मरिया महागिरजाघर में हुआ. इसकी अगुवाई पल्ली पुरोहित श्रद्धेय फादर आनंद बेविड खलखो, अन्य पुरोहितगण, माताएं व सामलोग पल्ली के चुनाव पदाधिकारी अनील पन्ना और अलेक्सीयुस लकड़ा ने की. इस चुनाव में 16 टोलों के कैथोलिक सभा के चुने हुए 147 प्रतिनिधिगण एवं अन्य पल्ली के विश्वासी उपस्थित हुए. सभापति के उम्मीदवारों में अजय जोसेफ टोप्पो एवं प्रदीप कुजूर थे. इनमें अजय जोसेफ टोप्पो ने कुल 147 में 113 मत हासिल किये. विपक्षी प्रदीप कुजूर केवल 34 मत हासिल कर सके. इस प्रकार अजय जोसेफ टोप्पो रांची पल्ली कैथोलिक सभा के नये कार्यकारिणी समिति के सभापति चुने गये. बाकी सभी नौ पदों के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गये. सभा के अंत में रांची पल्ली काथलिक सभा के नयी कार्यकारिणी समिति के नवनिर्वाचित सभापति अजय जोसेफ टोप्पो ने सभागार में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित किये एवं अपना आभार व्यक्त कर धन्यवाद देते हुए सभा का समापन किया.

**ब्रीफ खबरें**

### सदर थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग

**कांके।** जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश युवा संयोजक सन्नी उरांव ने मुख्यमंत्री से रांची के सदर थाना में पदस्थापित दरोगा लक्ष्मीकान्त पर कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा कि दरोगा लक्ष्मीकान्त ने कोकर रांची के पीड़ित मीना देवी और उनके परिजनों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली गलौज दुर्व्यवहार किया है. जनजाति सुरक्षा मंच एवं आदिवासी.समाज इससे मर्माहत है. ऐसे पुलिसकर्मियों की वजह से समाज में पुलिस प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ता है,आदिवासी हित की दंभ भरने वाली झामुमो गठबंधन सरकार आरोपी दरोगा पर कार्रवाई नहीं करता है तो न्याय के लिए पीड़ितों के साथ मिलकर हम सभी मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करेंगे .

### पूर्व पंसस की पत्नी के ब्रहाभोज में शामिल हुए भाजपा कार्यकर्ता

**पिपरवार।** बेंती पंचायत के पूर्व पंसस सुखी गंझु की धर्मपत्नी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए पिपरवार भाजपा मंडल कार्यकर्ता . रविवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने बेटी पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुखी गंझु की धर्मपत्नी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल होकर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि दी . इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, मंडल कोषाध्यक्ष रामप्रसाद महतो,शक्ति केंद्र प्रमुख धनराज भोक्ता, सह संयोजक संजय कुमार भोगता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे.

### पिठोरिया के जंगल में भालुओं की लगातार हो रही मौत से मचा हड़कंप

# पुसू जंगल में दो भालुओं के शव मिले

**संवाददाता। कांके/पिठोरिया**





पुसू जंगल से रविवार को दो और भालुओं के शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा है. वहीं ग्रामीणों की माने तो जंगल में और भालुओं के शव होने की आशंका है,रेंजर जितेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर जंगल से दो भालुओं के शव व खाल बरामद किया गया है. बरामद शव एक माह पुराना हो सकता है. जिसका नमूना फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है. वहीं चार दिन पहले रेस्क्यू किया गया भालू अंततः जिंदगी की जंग हार गया है. वहीं रविवार को क्षेत्र में और 2 भालुओं का मृत शरीर मिला,और अन्य की तलाश की जा रहा है.जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है.ग्रामीणों की माने तो अभी और भालुओं का मृत शरीर क्षेत्र के जंगलों में है. लगातार भालुओं के शव मिलने के बाद भी फॉरेंसिक टीमों का वहां नहीं पहुंचना एक बड़ा सवाल खड़ा करता है?

**पुसू गांव में सैकड़ों एकड़ के जंगल में बसे है वन्यप्राणी :** क्षेत्र में लकड़बघा, तेंदुआ ,हिरण मोर, भालू, खरगोश, शाही, पेंगोलीन, सांप जैसे जानवरों का है. बसेरा पिठोरिया के पुसू के जंगलों में है, इस क्षेत्र को रिजर्व एरिया घोषित किया जाना चाहिए था,बावजूद क्षेत्र वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर खिलवाड़ किया जा रहा है,विभाग इनकी सुरक्षा को लेकर उदासीन रवैया बनया हुए है.

**हाथियों का कोरिडोर :** हाथियों का कोरिडोर है पिठोरिया के कुसु गांव, जहां लगातार हाथियों का आना जाना लगा रहता है बावजूद उक्त क्षेत्र में लगातार हो रहे निर्माण कार्य ने ग्रामीणों को अचम्भे में डाल दिया है. ग्रामीणों का कहना है की जिस और से हाथियों का आना जाना होता है वहां निर्माण कार्य चल रहा है. तो इनका रास्ता बंद हो जायेगा, जिससे हाथी और ज्यादा एग्रेसिव होंगे, जिसका खामियाजा हम ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा.आखिर अब हाथियों का आना जाना कैसे होगा और किधर से होगा यह बड़ा सवाल लोगों के जेहन मे कोंध रहा है.वहीं आज की घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में कई तरह की चर्चा चल रही है.

**जल्द मामले की पूरी जांच कराएंगे : रेंजर**

क्षेत्र के रेंजर जीतेन्द्र कुमार का कहना है की एक भालू को रेस्कयू कराया गया था. जिसकी मौत हो चुकी है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ भी कहा जा सकता है और भालुओं की मौत का पता चला है मैंने फॉरेनसिक जांच के लिए कहा है. थाना में मामला दर्ज करने को भी कहा है, जल्द मामले पर पुरी जांच होंगी.

**वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन मद में करोड़ों खर्च**

सरकार वन्य जीव सुरक्षा को लेकर लगातार प्रयास कर रही है इसके लिए वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन के तहत करोड़ों रुपया खर्च भी कर रही है. धरातल पर इसका सदुपयोग कितना किया जा रहा है. यह तो पिठोरिया में हुए भालुओं की लगातार मौत ने खोल दी है.वहीं जगंल से लगातार जानवरों की मौत ने लोगों के जेहन में कई सवाल खड़े कर दिए है.सरकार से क्षेत्र को वन्य जीव संरक्षण क्षेत्र घोषित करने की मांग की है.

**पिठोरिया वैली सिटी के निर्माण से होगा नुकसान**

पहाड़ों व जंगलों के बीच पिठोरिया वैली सिटी के निर्माण से वहां रहे वन्य जीवों को नुकसान पंहुच रहा है. अभी तक दर्जनों भालुओं की मौत हो चुकी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि वन अधिनियम के अनुसार वन क्षेत्र के 500 मीटर के बाद ही कोई भी निर्माण कार्य होना चाहिए, बावजूद जंगल से सटे क्षेत्र में निर्माण कार्य को मंजूरी कैसे मिली और किसने दी, इसकी जांच करा कर आगे की कार्रवाई की जानी चाहिए.

### सड़क निर्माण कार्य का अर्जुन मुंडा ने किया शिलान्यास

# सरकार का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना: कृषि मंत्री



**संवाददाता। तमाड़**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनने वाली सड़क का रविवार को केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया. 22.11 करोड़ रुपया की लागत से बनने वाली यह सड़क रायडीह मोड़ से पालना होते हुए भुइयांडीह तक लगभग 20 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जायेगा. इसके पश्चात प्रखंड परिसर में नव निर्मित आजिविका महिला स्वयं सहायता समूह के सामुदायिक भवन का केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने फीता काट कर उदघाटन किया. वहीं दिउड़ी स्थित पतरा में आयोजित भारत सरकार द्वारा संचालित रुबेल तथा आई सी आर के तहत किसान प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किए . अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना और उनकी आजीविका में सुधार करना है.

# काली कमाई में सफेदपोशों की हिस्सेदारी

### प्रिंस खान के खिलाफ ईडी की जांच में खुलासा, जल्द होगी चार्जशीट

**शुभम संदेश टीम। रांची/धनबाद**

दुबई में छुपे धनबाद के अपराधी प्रिंस खान की परेशानी और बढ़ी है. धनबाद पुलिस के आग्रह पर इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के बाद ईडी ने प्रिंस खान पर केस दर्ज कर दिया है. अब ईडी ने चार्जशीट फाइल करने की तैयारी शुरू कर दी है. ईडी की प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि प्रिंस खान के अपराध की कमाई से गैंग मेंबर्स और परिवार के सदस्यों को लाभ हुआ है. गैंग के साथ ऑपरेट करने वालों में कुछ सफेदपोश नाम भी सामने आ रहे हैं. बता दें कि भारत में इंटरपोल की नोडल एजेंसी सीबीआई होती है. धनबाद पुलिस ने उसी के माध्यम से प्रिंस खान मामले रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया था. अब ईडी धनबाद पुलिस के अलावा अलग से रेड कॉर्नर नोटिस के लिए सीबीआई को जल्द ही आग्रह कर सकती है.

दरअसल प्रिंस खान इन दिनों धनबाद में आतंक का पर्याय बना हुआ है. व्यवसायियों, कोयला कारोबारियों, चिकित्सकों व अन्य संपन्न लोगों को धमकी देना और गोलियों की बौछार से दहशत फैलाना उसका शौक बन गया है. उसके गुर्गे कभी सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर, कभी चिट्ठी डाल तो वीडियो वायरल कर गोलीबारी की जिम्मेदारी भी लेते हैं. विभिन्न माध्यमों से जारी उनके गुर्गे संदेश देते फिर रहे हैं कि छोटे सरकार की बात मान जाओ, वरना जान से हाथ धो बैठोगे. वह पुलिस को भी खुली चुनौती दे रहे हैं. आतंक व दहशत फैलाने में उसने एक समय के चर्चित गैंग ऑफ वासेपुर के सरगना फहीम खान को भी पीछे छोड़ दिया है. धनबाद पुलिस बार-बार प्रिंस खान को गिरफ्तार करने का आश्वासन तो देती है, लेकिन उसकी परछाईं तक का पता लगाने में नाकाम है.

**प्रिंस के 5 दर्जन साथियों को जेल भेज चुकी है पुलिस :** धनबाद पुलिस प्रिंस खान के गिरोह पर नकेल कसने के लिए पांच दर्जन सहयोगियों को जेल की हवा खिला चुकी है. इनमें कई लोग ऐसे थे, जो रंगदारी की रकम लेने से लेकर उनके लिए रैकी और फायरिंग करने का भी काम करते थे. बावजूद इसके गैंग का नेटवर्क खत्म नहीं हो पाया है. रंगदारी मांगे जाने के मामले अक्सर सामने आ ही जाते हैं. प्रिंस के खिलाफ न सिर्फ पुलिस बल्कि सरकार और ईडी तक ने कोशिशें जारी कर दी है.



**प्रिंस खान पर जितनी बढ़ी कड़ाई, उतना बढ़ा दबदबा**

पुलिस कहती है कि जल्द ही प्रिंस खान को पकड़ लिया जायेगा, उसके गिरोह को तोड़ दिया गया है. मगर इस दावे के विपरीत प्रिंस खान का दबदबा बढ़ता ही जा रहा है. कभी व्यवसायियों को धमकी, तो कहीं घर के बाहर फायरिंग. प्रिंस खान वीडियो जारी कर धनबाद के एसएसपी को चुनौती देते भी देखा गया है. उसकी इस हरकत से व्यवसायी वर्ग खौफ में हैं. एक धारणा बन गयी है कि जो अपराधी पुलिस के बड़े अधिकारी को ललकार सकता है, वह आम लोगों के लिए तो काल बन कर ही सामने आयेगा. वह खुलेआम नाम लेकर कहता है कि अगला निशाना कौन होगा. कुछ हद तक निशाने पर वार भी करता है. लगभग एक साल से प्रिंस खान पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है. हालांकि पुलिस ने उसके कई गुर्गों को जेल भेजने में कामयाबी हासिल की है, मगर खौफ कायम है.

**आयोजन** साईं मंदिर से निकलेगी शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात

# नई कमेटी सभी के साथ मिलकर काम करेगी : कंचन उरांव

**संवाददाता। लापुंग**



लापुंग के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में आठ मार्च को महाशिवरात्री महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा. इस दौरान साईं मंदिर से निकलेगी भगवान भोलेनाथ का भव्य बारात और घघारी बाबा धाम में बारातियों का होगा भव्य स्वागत. घघारी बाबा प्रबंधन समिति की नई कमिटी की पहली बैठक नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकमल गोप की अध्यक्षता तथा सचिव संजय कुमार महतो के संचालन में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया. इस मौके पर राजकमल गोप ने कहा कि घघारी बाबा धाम में महाशिवरात्रि महोत्सव पूरी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि लापुंग के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि घघारी बाबा धाम की नई कमिटी नए जोश एवं उमंग के साथ मिलकर काम करेगी और घघारी बाबा धाम एवं जलप्रपात को भव्य धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा. उन्होंने कमेटी के नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी. वहीं देवगांव पंचायत के पूर्व मुखिया संतोष तिर्की ने कहा कि देवगांव पंचायत ही नहीं बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के श्रद्धालु एवं ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों से घघारी बाबा धाम में आयोजित होने वाला हर कार्यक्रम भव्य एवं सफल होगा. बैठक के दौरान समाजसेवी दशरथ तिर्की ने कहा कि महाशिवरात्रि महोत्सव के आयोजन को सफल बनाने सभी लोगों को अपनी-अपनी भूमिका निभानी होगी. बैठक के दौरान महाशिवरात्रि महोत्सव के लिए अलग-अलग विभागों की अलग-अलग कार्यकर्ताओं को दी गई जिम्मेवारी. बैठक के दौरान मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष सेवक सिंह, पूर्व अध्यक्ष गंगाधर साहु, पूर्व सचिव देवेंद्र वर्मा, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राजधन शेखर सिंह, सुनील उरांव, मनोज उरांव, रंजीत महतो, भुवन महतो, नकुल राम महथा, श्यामलाल शेखर सिंह, हीरालाल शेखर सिंह, मनबोध सिंह, रामनारायण शेखर सिंह, ऋषि राज सिंह, महावीर महतो, बुधराम लोहरा, रामशंकर पाठक, राजेश पाठक, आदि लोग शामिल थे.

# बैल को खोजने निकले बुजुर्ग को हाथी ने कुचल कर मार डाला

**संवाददाता। बेड़ो**



बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली पंचायत अन्तर्गत खुरहाटोली मसना के पास अपने बैल को खोजने निकले 55 वर्षीय मरटु मुंडा को जंगली हाथी ने कुचल कर मार डाला. घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. घटना शनिवार रात लगभग 11 बजे की है. शाम तक उसका एक बैल वापस नहीं लौटा, तो उसकी खोज में मरटु मुंडा नदी की ओर निकल पड़ा. तब तक उसे पता नहीं था की जंगली हाथी का इस क्षेत्र में आगमन हो चुका है. इसी दौरान अचानक एक जंगली हाथी ने उस पर हमला कर दिया. मौके पर ही उसकी मौत हो गई. इसकी जानकारी घर में लोगों को रविवार की सुबह मिली. जब लोगों ने अहले सुबह मरटु मुंडा के शव को देखा, तब गांव में कोहराम मच गया. मृतक की पत्नी पाल्हो मुंडाईन और उसके बेटे रामपाल मुंडा, विजय मुंडा तथा प्रकाश मुंडा व बेटियों शनियारों एवं जीतन को जब घटना की जानकारी मिली तो परिवार के लोगों के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा. सभी परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. सूचना मिलने पर देवगांव पंचायत के समाजसेवी दशरथ कुमार तिर्की, सुनील उरांव, खुरहाटोली गांव के समाजसेवी रमेश मुंडा, बेड़ो के समाजसेवी भोला उरांव एवं हरिहरपुर जामटोली के पूर्व मुखिया सुनील कच्छप मौके पर पहुंचे और उन्होंने वन विभाग को घटना की जानकारी दी. घटना की जानकारी जंगल में आग की तरह चारों ओर फैल गई.

